दिनांकः 11.05.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस है। वर्ष 1998 में 11 और 13 मई को जैसलमेर जिले में पोकरण के पास स्थिति खेतोलाई गांव के पास दो सफल परमाणु परीक्षण किये गये थे। इस मिशन को ऑपरेशन शक्ति का नाम दिया गया था। इसका नेतृत्व भारत के मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने किया था।यह दिन देश की तकनीकी क्रांति के रूप में याद किया जाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया संदेश के जरिये भारत को आधुनिक, विकसित और सशक्त बनाने में जुटे सभी वैज्ञानिकों और इंजिनियरों को इस दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

....

अलवर जिले में छिलोडी ग्राम पंचायत के नवलपुरा गांव में कल शाम अग्निवीर जवान जितेन्द्र सिंह तंवर की सैनिक सम्मान के साथ अंत्येष्टी कर दी गयी। सेना की ओर से बताया गया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान जम्मू–कश्मीर के पुंछ इलाके में आतंकी मुठभेड़ में जितेन्द्र वीरगति को प्राप्त हो गये थे। उनकी अंतिम यात्रा में प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट में अग्निवीर जवान जितेन्द्र सिंह तंवर के बलिदान पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति दुख व्यक्त किया है।

....

पश्चिमी विक्षोभ के असर से पिछले 24 घंटों में राज्य के कुछ भागों में तेज आंधी–बारिश दर्ज की गई। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार सबसे ज्यादा 75 मीलीमीटर बारिश उदयपुर जिले के गोगुंदा में दर्ज की गई। इसके अलावा अजमेर के भिनाय में 34 और झुंझुनूं के बुहाना तथा प्रतापगढ़ के छोटी सादड़ी में 18 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। पिछले 24 घंटों में राज्य के ज्यादातर स्थानों पर अधिकतम तापमान 41 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किये गये।
विभाग ने आज बीकानेर, जयपुर, अजमेर, भरतपुर, कोटा और जोधपुर संभाग के कुछ भागों में तेज मेघगर्जन के साथ बारिश की संभावना जतायी है। इस दौरान कहीं–कहीं तेज आंधी और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के आसार हैं।
इसके अलावा एक–दो स्थानों पर ओलावृष्टि की भी संभावना है। वहीं आगामी तीन–चार दिन ऐसी ही गतिविधियां जारी रहने के आसार हैं।
उधर, बूंदी जिले के रघुनाथपुरा गांव में कल देर रात एक मकान पर आकाशीय बिजली गिरने से मकान के मलबे में दबने से मां बेटी सहित तीन लोगों की मृत्यु हो गयी। बिजली गिरने से एक महिला और बच्चा भी गंभीर रूप से घायल हो गये।

....

आज विश्व प्रवासी पक्षी दिवस है। ये दिन हर साल मई महीने के दूसरे शनिवार को मनाया जाता है। यह एक वैश्विक अभियान है, जो प्रवासी पक्षियों और सीमाओं के पार उनकी यात्राओं के संरक्षण को बढावा देता है। इस अवसर पर कोटा में वन्य जीव विभाग की ओर से अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क क्षेत्र में बर्ड वॉचिंग कार्यक्रम हो रहा है। इस दौरान लोगों को प्रवासी पक्षियों की जानकारी दी जा रही है। इस वर्ष प्रवासी पक्षी दिवस की थीम ''कीड़ों की रक्षा करें, पक्षियों की रक्षा करें'' रखी गयी है। कार्यक्रम में कीटों के महत्व के बारे में जागरुकता बढाने संबंधी कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

....

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन–आई.आर.सी.टी.सी. ने सप्त ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराने के वास्ते भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह ट्रेन 1 जून को जयपुर से रवाना होकर अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और उदयपुर से होते हुए गुजरेगी। 11 दिन की इस यात्रा में श्रद्धालुओं को द्वारिका, सोमनाथ, त्रयम्बकेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के साथ–साथ भेंट द्वारका और द्वारकाधीष मंदिर को देखने का मौका मिलेगा।

आईआरसीटीसी के संयुक्त महाप्रबंधक योगेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि यह ट्रेन पूरी तरह से वातानुकूलित है। यात्रा की विस्तृत जानकारी व्हाट्सएप नम्बर 90010–94705 और 85959–30998 से तथा आई.आर.सी.टी.सी. की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

....

सिंधी भाषा के सिलेबस को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप तैयार किया जाएगा। इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी एक महीने में इस काम को पूरा करके रिपोर्ट राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद को सौंपेगी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद की कार्यकारिणी की बैठक में यह बात कही।

....